समस्या — हाईवा ब्रेकडाउन बना वजह, लापरवाही ने बढ़ाया संकट, पतौर गांव के आगे का मामला

# ताला-पनपथा मार्ग एनएच 10 पर 4 घंटे से लगा जाम






**चिल्हारी नवभारत 26 अप्रैल।** उमरिया जिले के ताला-पनपथा सड़क मार्ग एनएच-10 पर आज करीब सुबह 8:30 बजे से लगा जाम दोपहर 12:30 बजे तक भी नहीं खुल पाया। एक हाईवा के बीच सड़क खराब होने से शुरू हुई समस्या, सिंगल रोड और अधूरी पटरी के कारण विकराल रूप लेती गई।

सबसे बड़ा सवाल प्रशासनिक उदासीनता पर खड़ा हो रहा है। मौके पर न तो पुलिस की सक्रिय मौजूदगी दिखी, न ही वन विभाग का कोई अमला। नतीजा सैकड़ों की संख्या में फंसे लोग 42 डिग्री की झुलसाती गर्मी में बेहाल रहे। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं पानी के लिए तरसते नजर आए, कई लोग मजबूरी में जंगल की ओर भटकते दिखे और पेड़ों की छांव में बैठकर राहत तलाशते रहे।



### पूरा इलाका वन क्षेत्र से सटा हुआ है

स्थिति और चिंताजनक इसलिए भी है, क्योंकि यह पूरा इलाका वन क्षेत्र से सटा हुआ है। ऐसे में जाम में फंसे लोगों का जंगल की ओर जाना, जंगली जानवरों के खतरे को भी बढ़ा रहा है। इसके बावजूद वन विभाग की निष्क्रियता गंभीर सवाल खड़े करती है।

### जिम्मेदार महकमा मौके से गायब क्यों रहा?

सबसे बड़ा सवाल यहीं से उठता है कि चार घंटे से ज्यादा समय तक जाम लगा रहा, लेकिन जिम्मेदार महकमा मौके से गायब क्यों रहा? क्या आपात स्थिति से निपटने के लिए कोई पूर्व योजना नहीं? एक सामान्य ब्रेकडाउन ने पूरे सिस्टम की तैयारी की पोल खोल दी। यह सिर्फ चूक नहीं, बल्कि संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।



# बाघ को नहीं मिल रही जंगल में टेरेटरी लायक जमीन

▶ गणना में बाघों की संख्या एक हजार पार जाने का अनुमान

**चिल्हारी नवभारत 26 अप्रैल।** बाघों की बढ़ती संख्या के बीच राज्य में न बाघों के सामने प्राकृतिक रहवास का संकट खड़ा हो गया है। मौजूदा आबादी के अनुरूप बांधवगढ़ नेशनल पार्क सहित कई जंगलों में टेरेटरी लायक जमीन नहीं बची है।

प्रत्येक चार साल में होने वाली बाघ गणना की शुरूआत हो चुकी है। अब तक हुई कवायदों से मिले शुरूआती रुझान बाघों की संख्या हजार पार जाने का अनुमान जता रहे है। साल 2022 की गणना में यहां 785 बाघ मिले थे। इसमें 563 बाघ टाइगर रिजर्व में मौजूद हैं और 222 बाघ अभयारण्य एवं टाइगर रिजर्व संरक्षित क्षेत्र से बाहर है।

### नेशनल पार्क बाघों के लिए पड़ने लगे छोटे

विशेषज्ञ बताते हैं कि एक वयस्क बाघ औसतन 50 वर्ग किमी का क्षेत्र टेरटरी के लिये चाहिये। इस हिसाब से बांधवगढ़, कान्हा और पेंच नेशनल पार्क बाघ के घनत्व के मुकाबले छोटे पड़ने लगे है।

### 2027 में आएगी बाघ गणना की रिपोर्ट

बाघ गणना इसी साल 2026 में पूरी होगी। इसके एक साल बाद यानी 2027 में इसका प्रकाशन विश्व बाघ दिवस पर किया जाएगा। काफी अध्ययन व सत्यापन के बाद ही यह अंतिम रिपोर्ट जारी की जाएगी, जो देश में टाइगर स्टेट का दर्जा तय करेगी। मप्र कई वर्षों से शीर्ष पर है।

## ग्राम घुलघुली में मामूली विवाद पर मारपीट

**नवभारत उमरिया 26 अप्रैल।** जिले के विकासखंड करकेली अंतर्गत ग्राम घुलघुली में मामूली विवाद पर फरियादी सुग्रीव गोसाई के साथ आरोपियों द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट थाना नौरोजाबाद में की गई है। जहां थाना नौरोजाबाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुऐ आरोपी कोमल गोसाई एवं एक अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

## राज्यमंत्री लोधी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज निज कार्यालय नोहटा में जबेरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामवासियों से सौजन्य भेट की एवं उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

# गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों का भी रखें ध्यान

▶ घर, छत, आंगन या पार्क में एक बर्तन में स्वच्छ पानी रखें

**चिल्हारी नवभारत 26 अप्रैल।** गर्मियां आते ही कूलर की डिमांड बढ़ जाती है, हो भी क्यों न एक बार पानी भरा नहीं कि बस दिनभर की फुर्सत। तो वहीं सुबह-शाम पौधों और घर के बाहर छिड़काव भी आप कर ही देते हैं ताकि आपके लॉन और घर की हरियाली में किसी तरह की कोई कमी नहीं आने पाए। मगर क्या आपने आस-पास मौजूद जीव-जंतुओं के बारे में सोचा है कभी? आखिर उन्हें भी तो इस मौसम की मार को झेलने के लिए इसी पानी की जरूरत होती है। अब इन बेजुबानों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए कौन सामने आएगा? यह जिम्मेदारी भी तो आपकी ही है।



### गर्मी में इंसानों के साथ पक्षियों के लिए भी रखें जल का पात्र

जंतुओं के साथ पक्षियों को भी पानी की आवश्यकता होती है। मंडल अधिकारी पनपथा रेंज भूरा गायकवाड़ ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि अपने घर, छत, आंगन या पार्क में एक बर्तन में स्वच्छ पानी रखें। यह छोटा प्रयास कई जीवन बचा सकता है। जिस तरह से आपके लिए जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था की गई है ठीक वैसे ही पक्षियों के लिए भी प्याऊ की व्यवस्था करें ताकि उन्हें भी गर्मी में साफ और ठंडा पानी मिल सके।

**उप वन मंडल अधिकारी पक्षियों के लिए कर रहे पानी की व्यवस्था**

पनपथा रेंज में पदस्थ उपवन मंडल अधिकारी भूरा गायकवाड़ भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था उपलब्ध करा रहे है, साथ ही अपने क्षेत्र में भ्रमण कर बनी चौकियों में वन कर्मियों से अपील करते हुए पशु पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था की सलाह दे रहे है।

# नर्मदा स्वच्छता को मिली नई दिशा, जनआंदोलन बन रहा अभियान

▶ मैया अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को नर्मदा घाटों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा






**डिंडौरी ,नवभारत 26 अप्रैल।** मध्यप्रदेश की जीवनरेखा मां नर्मदा की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रयास अब जनआंदोलन का रूप लेते जा रहे हैं। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' एवं 'मैया अभियान' के तहत प्रत्येक रविवार को नर्मदा घाटों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नदी की स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, व्यापारी संघ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और स्वयंसेवी संगठन सक्रिय रूप से इस अभियान में भाग ले रहे हैं। सभी मिलकर घाटों पर श्रमदान कर सफाई कार्य करते हुए समाज को स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं।

### नर्मदा के घाटों की स्थिति सुधरी

अभियान के चलते नर्मदा के घाटों और जल की स्थिति पहले की तुलना में अधिक साफ-सुथरी नजर आने लगी है। घाटों से कचरा हटाकर न केवल स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है, बल्कि आमजन को भी नदी को प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग नहीं करें

प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे नर्मदा नदी में साबुन, डिटर्जेंट और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग नहीं करें तथा घाटों पर स्वच्छता नियमों का पालन करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से नर्मदा सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनजागरूकता बढ़ाना और जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना है।

### नर्मदा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि मां नर्मदा नदी, जिसकी हम श्रद्धा के साथ पूजा.अर्चना करते हैंए उसे स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने सभी नागरिकों से आगे आकर सामूहिक रूप से मां नर्मदा को स्वच्छ बनाए रखने में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



# महिलाओं व बालिकाओं का किया सम्मान

▶ नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का समापन

**करंजिया, नवभारत 26 अप्रैल।** शासकीय मॉडल स्कूल करंजिया में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस पखवाड़े का उद्देश्य आम नागरिकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

पखवाड़े के दौरान विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नारी शक्ति पदयात्रा रैली, नारी सम्मान एवं अधिकारों पर विचार-विमर्श, निबंध एवं व्याख्यान प्रतियोगिताएं, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता तथा खेल गतिविधियां शामिल रहीं। इन आयोजनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रेरित किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति**-25 अप्रैल को पखवाड़े का समापन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में ग्राम सरपंच जमोत्री पेंदो, विद्यालय के प्राचार्य केशव तिवारी, नोडल शिक्षिका नीता गौलिया तथा कार्यक्रम संचालक जीपी चन्द्रवंशी उपस्थित रहे।

# ग्राम रक्शा में बंद दुकान से 100 लीटर पेट्रोल-डीजल जब्त

▶ अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल के संग्रहण और बिक्री पर बड़ी कार्यवाही

**चिल्हारी नवभारत 26 अप्रैल।** मानपुर एसडीएम हरनीत कौर कलसी द्वारा अवैध रूप से पेट्रोल और डीजल की बिक्री की सूचना पर ग्राम रक्सा जनपद पंचायत मानपुर में कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, नत्थू लाल जायसवाल के मकान में चोरी-छिपे ईंधन की खपत और बिक्री किए जाने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान पाया गया कि नत्थू लाल के पुत्र अंकुश जायसवाल द्वारा बंद दुकान के माध्यम से गैरकानूनी तरीके से पेट्रोल बेचा जा रहा था।

### बंद दुकान में पेट्रोल कम, डीजल ज्यादा मिला

पूछताछ में अंकुश जायसवाल ने बताया कि डीजल उनके ट्रैक्टर के उपयोग के लिए लाया जाता है। संबंधित ट्रैक्टर का पंजीयन तीरथ जायसवाल के नाम पर दर्ज है। कार्रवाई के दौरान दुकान में पेट्रोल और डीजल पाया गया। मौके से 25-25 लीटर की डीजल से भरी 3 केन, 60 लीटर की 1 केन, 30 लीटर की 1 केन, 3 खाली केन, 2 कुप्पी पेट्रोल जब्त किया गया।

### पेट्रोल-डीजल की अवैध बिक्री की जा रही थी

पेट्रोल-डीजल की अवैध बिक्री को लेकर प्रथम दृष्टया जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि बंद दुकान के अंदर से ही पेट्रोल-डीजल की अवैध बिक्री की जा रही थी। जिस पर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों द्वारा समस्त ईंधन जब्त कर लिया गया तथा विधिवत मौका पंचनामा तैयार किया गया। प्रशासन ने इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की किसानों को दी सलाह

▶ विशेषज्ञों ने सरिया गर्म में मूंग की फसल का किया निरीक्षण



**नवभारत, बटियागढ़ 25 अप्रैल।** इस समय क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसलों जैसे मूंग, उड़द, आदि में कीटों का प्रकोप बढ़ने की सूचना पीएलवी किसान रूपेंद्र सिंह, विनोद उदेनिया, साहब सिंह लोधी के साथ दिनेश पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बटियागढ़, रवेंद्र विरला कृषि बस्तर अधिकारी, दीपक सेवानी कृषि विस्तार अधिकारी व डॉ. द्वारका, कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना ने सरिया निवासी किसान घनश्याम सिंह के खेत का निरीक्षण किया.

उनके अनुसार प्रमुख कीटों में माहू, सफेद मक्खी, जेसिड तथा फल छेदक आदि कीट शामिल हैं. इन कीटों की पहचान पत्तियों पर छोटे-छोटे हरे या काले कीड़ों (माहू), सफेद रंग की उड़ने वाली मक्खियों (सफेद मक्खी) तथा पत्तियों के किनारों के पीले पड़ने (जेसिड) से की जा सकती है .फल छेदक कीट फल में छेद कर अंदर से उसे खराब कर देते हैं. इनके प्रकोप से पत्तियां मुड़ जाती हैं, पीली पड़ जाती हैं, पौधों की वृद्धि रुक जाती है तथा फल सड़ने लगते हैं, जिससे उत्पादन में भारी कमी आती है.

### कीटों को नियंत्रित करने के बताए उपाय

डॉ. द्वारका ने किसानों को समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की सलाह दी है. जिसमें समय पर बुवाई, फसल चक्र अपनाना, खेत की गहरी जुताई तथा संक्रमित पौधों को नष्ट करना जैसे कृषि जनित उपाय शामिल हैं. साथ ही पीले चिपचिपे ट्रैप और प्रकाश प्रपंच का उपयोग कर कीटों की संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है. दिनेश पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार जैविक नियंत्रण के तहत नीम तेल 5 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव तथा ट्राइकोग्रामा जैसे लाभकारी कीटों का प्रयोग करने की भी सलाह दी गई है.

# बिजली बिल बकाया होने पर किए दो वाहन जब्त

▶ शहर में विद्युत बकायादारों पर कसा शिकंजा

**दमोह 25 अप्रैल।** शहर में बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग ने अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है. बिजली विभाग के अनुसार दमोह शहर में करीब 7 हजार उपभोक्ताओं पर लगभग 4 करोड 68 लाख रुपए बकाया है.

विभाग द्वारा लगातार कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कई उपभोक्ता अवैध रूप से अन्य स्थानों से लाइन जोड़कर या अनाधिकृत व्यक्तियों से लाइन जुड़वां कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं. ऐसे मामलों में विभाग ने सख्ती दिखाते हुए चार नामजद अनाधिकृत रूप से लाइन से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस में जांच के लिए दिया गया है. वहीं, जिन उपभोक्ताओं ने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया और जुगाड़ से बिजली का उपयोग कर रहे है उनके खिलाफ भू-राजस्व संहिता के तहत आरआरसी नोटिस जारी कर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



**अभियान लगातार जारी रहेगा : चौहान**-अधीक्षण अभियंता अमित चौहान के निर्देशन में 24 अप्रैल को विभाग की टीम ने फीडर नंबर 24 में माया जाटव के बिजली बिल पर बकाया राशि 64000 रूपये तथा दयाशंकर डल्लू प्रसाद अहिरवार निवासी मल्लपुरा नया बाजार नंबर 4 के बकाया बिजली बिल की राशि 42178 रूपये होने पर कार्यवाही करते हुए दो नंबर वाहनों को जब्त किया गया.अधीक्षण अभियंता का कहना है कि बकायेदारों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा.

# कांग्रेस का प्रदर्शन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

▶ जबेरा में किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबेरा 25 अप्रैल।** गुरुवार को जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जबेरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और किसानों ने बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया।

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सोनम पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा गया कि प्रदेश के किसान कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2026-27 की फसल खरीदी एक माह देरी से शुरू हुई, जिससे उन्हें मजबूरी में अपनी उपज व्यापारियों को कम दामों पर बेचनी पड़ी। बिजली आपूर्ति को लेकर कहा गया कि 10 घंटे सप्लाई के वादे के बावजूद केवल 6-7 घंटे ही बिजली मिल रही है। इसके अलावा किसानों ने गेहूं और धान खरीदने के वादे से सरकार के पीछे हटने का आरोप लगाया।



**इनकी रही उपस्थिति**-अंत में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस किसान कमेटी अध्यक्ष अमर सिंह, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रजनी ठाकुर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह लोधी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, अखिलेश सोनी, संग्रामपुर मंडल अध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा, खमरिया मंडल अध्यक्ष भगवत लोधी, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील नौरोजाबाद जिला उमरिया म.प्र.**

**सार्वजनिक नोटिस**

मामला क्रमाक 0225/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूचि में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 08/05/2026 को को प्रात: 11.00 बजे स्थान नौरोजाबाद में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन वसीयत नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

अनुसूची

| पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमाक | ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम | सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भूखण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल (हेक्टेयर/वर्गमीटर में) | विद्यमान भू-अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम, पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम) पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है। |
|---|---|---|---|---|---|
| छादाखुर्द -07 | छादाखुर्द | 409/2 | 0.0810 हे. | मीराबाई पति बाबूलाल मेसराम जाति मेसराम पता छादाखुर्द | मीरा बाई पिता बाबूलाल मेसराम (फौत) सुरेश सिंह गौड़ (फौत), वसीयतग्रहिता सुषमा सिंह जाति गोंड ग्राम छादाखुर्द |

आज दिनाक 24/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुद्रा

दिनाक 24/04/2026
स्थान- नौरोजाबाद

तहसीलदार
तहसील नौरोजाबाद
जिला-उमरिया म.प्र.